समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# भारत फोर्ज बनाएगी AAROK ड्रोन, फ्रांस की कंपनी से डील के बाद शेयरों मे आई तूफानी तेजी।

Publisher Published on 18 Jun 2025



## भारत फोर्ज और फ्रांसीसी कंपनी टर्गिस गेलार्ड के बीच हुआ समझौता, भारतीय रक्षा क्षेत्र मे बंढ़ेगी आत्मनिर्भरता, शेयरों मे दिखा जबरदस्त उछाल।

**भारत फोर्ज के शेयरों मे उंछाल, डिफेसं सेक्टर मे बंड़ी डील का असर**
**मुंबई | 18 जून 2025**: देश की प्रमुख डिफेंस इंजीनियरिंग कंपनी **भारत फोर्ज** के शेयरों में आज जबरदस्त तेजी देखने को मिली। कंपनी के **शेयर BSE पर 1.9%** की बढ़त के साथ **₹1,325.05** के इंट्राडे हाई पर पहुंच गए। यह तेजी **भारत फोर्ज** द्वारा फ्रांस की **टर्गिस गेलार्ड कंपनी** के साथ समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर के बाद आई है।

इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियां मिलकर भारतीय सेना के लिए A**AROK UAV** (मानव रहित हवाई वाहन) का निर्माण करेंगी।

१. **शेयर बाजार मे अंसर**
२. **शेयर मे बंढ़त : 1.9% की उछाल, ₹1,325.05 का इंट्राडे हाई**
३. **मार्केट कैप : ₹62,648.73 करोड़**
४. **52 सप्ताह का न्यूनतम मूल्य : ₹919.10**
५. **52 सप्ताह का उच्चतम मूल्य : ₹1,826.20**

क्या है AAROK ड्रोन ?

**AAROK एक एडवांस्ड आर्म्ड ड्रोन** है जिसे **450 किमी/घंटा** की रफ्तार से 20 घंटे तक उड़ान भरने की क्षमता प्राप्त है।

**ड्रोन की मुख्य विशेषताएं:**

१. **1.5 टन तक हथियार ले जाने की क्षमता**
२. **45,000 फीट की ऊंचाई तक उड़ान**
३. **दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला करने मे संक्षम**
४. **एडवांस रडार और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सेसंर से लैस**
५. **50-100 करोड़ की संभावित लागत** (विशेषज्ञ अनुमान)

**फ्रांस की कंपनी के साथ बड़ा करार**

**भारत फोर्ज** और फ्रांस की **एयरोस्पेस व डिफेसं कंपनी Turgis & Gaillard** के बीच यह डील भारतीय रक्षा क्षेत्र के **आत्मनिर्भर** बनने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। यह साझेदारी न केवल सैन्य क्षमताएं बढ़ाएगी बल्कि '**मेक इन इंडिया**' पहल को भी मजबूती देगी।

**भारत फोर्ज क्या करती है?**

पुणे स्थित **भारत फोर्ज लिमिटेड एक मल्टीनेशनल कंपनी** है जो **ऑटोमोबाइल, माइनिंग, रेल, डिफेसं** और **एयरोस्पेस क्षेत्रों** में हाई **परफॉर्मेंसं कंपोनेट्ंस** और **टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस** मुहैया कराती है। कंपनी कल्याणी ग्रुप का हिस्सा है और दुनिया की सबसे बड़ी फोर्जिंग कंपनियों में से एक है।

**विशेषज्ञों की राय**

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि **AAROK** जैसे ड्रोन की घरेलू निर्माण प्रक्रिया भारत को **ड्रोन टेक्नोलॉजी** में आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगी। इससे विदेशी निर्भरता घटेगी और निर्यात के नए अवसर भी बनेंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.